# सोया कृषकों के लिए साप्ताहिक सलाह (2026)
# Weekly Soybean Advisories for for Soybean Growers (2026)



फा.क्र./File No. टेक 10-6/2026 खरीफ 2026

**File. No. Tech 10-6/2026/Weekly Soybean Advisory** **Date: 21.09.2026**

## सोयाबीन कृषकों के लिए उपयोगी सलाह / Weekly Advisory for Soybean Farmers
## (21-27 सितम्बर, 2026 / 21st - 27th September 2026)

सोयाबीन की शीघ्र समयावधि में पकनेवाली किस्में अब परिपक्वता की ओर अग्रेसर हैं जबकि मध्यम या देरी से पकनेवाली किस्मों में दाने भरने की स्थिति हैं. अतः सोया कृषकों को निम्न उपाय अपनाने की सलाह हैं .The short duration soybean varieties are nearing the maturity/harvesting stage whereas the soybean crop having medium/long duration varieties is at grain filling stage. The soybean growers are advised to adopt following measures.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **शीघ्र समयावधि वाली किस्मों की समय पर कटाई :** शीघ्र पकने वाली सोयाबीन किस्मों में लगभग 90 प्रतिशत फलियों का रंग पीला पड़ जाने पर कटाई प्रारंभ की जा सकती है। इस अवस्था में समय पर कटाई करने से बीज के अंकुरण पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता तथा देर से कटाई के कारण होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। |  |
| | **Timely Harvesting of Early-Maturing Varieties**: In **early-maturing soybean varieties**, harvesting can be started when approximately **90% of the pods have turned yellow**. Timely harvesting at this stage helps minimize losses due to delayed harvesting and does not adversely affect seed germination. |  |
| 2. | सोयाबीन की कटी हुयी फसल को धुप में सुखाने के पश्चात गहाई करें. तुरंत गहाई करना संभव नहीं होने की स्थिति में बारिश से बचाने हेतु फसल को सुरक्षित स्थान पर इकठ्ठा करें.<br>The harvested crop must be threshed after sun drying. If the threshing is to be done later, it should be stored at safe place protecting from rains. | |
| 3. | आगामी वर्ष बीज के रूप में उपयोगी सोयाबीन की फसल की गहाई 350 से 400 आर.पी.एम. पर करें जिससे बीज की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव नहीं पड़े.<br>If the produce is to be used for seed purpose in the next season, farmers are advised to thresh the soybean at 350 to 400 RPM thresher to avoid the loss of seed germination. |  |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | **बीजोत्पादन वाले खेतों में बीज की सुरक्षा**: बीजोत्पादन वाले खेतों में सोयाबीन के बीज की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले कीटों से बचाव के लिए फसल की नियमित निगरानी करें। आवश्यकता होने पर प्रोफेनोफोस @ 1.0 लीटरहेक्टेयर/ अथवा तालिका-1 में दिए गए अन्य अनुशंसित कीटनाशक का निर्धारित मात्रा एवं अनुशंसित विधि के अनुसार छिड़काव करें। इससे **स्टिंक बग, आलमंड मॉथ एवं पल्स बीटल** जैसे कीटों से होने वाले नुकसान को कम करने में सहायता मिलेगी। | |
| | **For Quality Seed Production**: In seed-production fields, soybean seed may be vulnerable to insect damage that can adversely affect seed quality during subsequent storage. Farmers are advised to apply **profenofos @ 1.0 L/ha**, or another recommended insecticide listed in **Table 1**, as per the approved recommendation, for management of relevant insect pests such as **stink bug, almond moth and pulse beetle**. | |
| 5. | **फली छेदक कीटों से होने वाले उपज के नुकसान को कम करना: दाना भरने की अवस्था** में सोयाबीन की फलियों पर फली छेदक इल्ली, विशेषकर *Helicoverpa armigera*, द्वारा नुकसान की संभावना रहती है। इसकी इल्ली फलियों में छेद करके अंदर प्रवेश करती है तथा विकसित हो रहे दानों को खाती है, जिससे दानों को नुकसान होने के साथसाथ प्रभावित दानों - के सड़ने की संभावना भी रहती है। कृषक नियमित रूप से फसल एवं फलियों का निरीक्षण करें। आवश्यकता होने पर **इंडोक्साकार्ब 15.80% EC @ 333 मिलीलीटरहेक्टेयर/** अथवा तालिका-1 में दिए गए अन्य अनुशंसित कीटनाशक का निर्धारित मात्रा में छिड़काव करें। |  |
| | **Minimizing yield losses due to Pod Borers**: During the **pod-filling stage**, soybean may be attacked by pod-boring caterpillars, including ***Helicoverpa armig*era**. These larvae bore into the pods and feed on developing grains, resulting in grain damage and, in some cases, rotting of the affected seeds. Farmers should regularly inspect pods for pest infestation. If infestation warrants chemical control, spray **Indoxacarb 15.80% EC @ 333 ml/ha**, or another insecticide recommended in **Table 1**, following the prescribed dose and application guidelines. | |

****************************************************************************